# शासकीय भवनों पर संपत्ति कर बकाया

## बीएमसी सहित कई शासकीय भवन और उद्योगपतियों को नोटिस, जमा न करने पर कुर्की की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**सागर 12 दिसंबर. ननि द्वारा सम्पत्तिकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, जलकर, व्यवसायिक दुकानों का किराया आदि बकायादारों से वसूली तेज कर दी गई है. नगर पालिक निगम सागर अंतर्गत रहवासी, व्यवसायिक एवं अन्य निजी एवं शासकीय सम्पत्तियों की बकाया कर राशि जमा करने हेतु संबंधितों को नोटिस भी जारी किये जा रहे हैं.**

निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा जारी नोटिस में संपत्तिकर जमा करने हेतु निर्धारित समय सीमा में बकाया कर राशि जमा न करने पर ननि अधिनियम की धाराओं के तहत नियमानुसार संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी.

### सूची में बड़े बकायादारों को शामिल किया

नगर निगम ने संपत्ति कर के जिन बड़े बकायादारों सहित शासकीय कार्यालयों को दिये गए नोटिस उनमें सुप्रिडेंट गवर्मेंट आईटीआई 32,08,533 रूपये, रेल्वे स्टेशन 18,65,646 रूपये, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज 57,54,309 रूपये, पीडब्लूडी अधिभोगी शासकीय क्वार्टर- 93,6156 रूपये, गर्ल्स डिग्री कॉलेज- 9,20,823 रूपये, सहोद्रा राय शासकीय पोलिटेक्निक कॉलेज 7,52,506 रूपये, बीएमसी वॉयज हॉस्टल 6,74,739रूपये, जिला अस्पताल 6,42,088 रूपये, हाईस्कूल स्वीडिश मिशन 5,89,763 रूपये, वन विभाग कॉलोनी 5,67,761 रूपये, जनजाति बालक छात्रावास कार्यालय 5,60,318 रूपये, जनता स्कूल- 5,03,020 रूपये आदि बकायादारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. शोभाराम कालूराम 10,33,082 रूपये, श्री जैन मंदिर ट्रस्ट कोठा मंदिर तारण तरण चौत्यालय 15,56,944 रूपये, भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ ट्रस्ट- 7,78,902 रूपये, सेठ भगवानदास शोभालाल जैन-5,12,224रूपये, मणीभाई/भाडाजी भाई पटेल शिवा पेपर हॉउस - 4,41,459 रूपये, हरगुनदास/सुंदर दास पंजवानी- 3,97,567 रूपये, गीता/उद्धवदास दरयानी- 3,67,294रूपये, गुरुद्वारा वेदी अध्यक्ष हरवंश गुरुद्वारा कमेटी 4,18,221 रूपये आदि बकायादारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये.

# आवासीय पट्टा वितरण सर्वे में कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे : श्री सिंह

**नवभारत न्यूज**

**खुरई 12 दिसंबर. विकास का फायदा तभी है जब सभी का जीवन संस्कारित, अनुशासित हो. आप धर्म पर चलें और क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी मुझ पर छोड़ें. यह उद्‌गार पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां के बमनोरा, इमलिया, सेमरअटा तथा बांदरी वार्डों में 1.5 करोड़ की लागत से निर्मित सीसी रोड कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए.**

बांदरी नगर परिषद की समीक्षा बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने निर्देश दिए कि शहरी आवासहीन एक भी व्यक्ति का नाम पट्टे के सर्वे कार्य में न छूटे.




पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक श्री सिंह ने जनता, जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे आगे से उनके स्वागत के लिए फूलमालाओं वगैरह पर व्यय मत करें, सिर्फ रोरी और हल्दी से स्वागत कर उन्हें कापी, किताबें, पेन, कंपाक्स बाक्स, फल और टाफियां भेंट करें जो कार्यक्रम के बाद स्कूली बच्चों में वितरित किए जाएंगे. शेष स्वागतकर्ताओं ने इस आग्रह पर अमल करते हुए यही सामग्री भेंट की जो उन्होंने कार्यक्रम स्थल तथा स्कूली की छुट्टी होने पर निकल रहे बच्चों को वितरित कर दीं. बांदरी नगर परिषद की समीक्षा बैठक में श्री सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन काबिज पात्र नागरिकों को आवासीय पट्टे देने हेतु व्यापक अभियान चलाने के निर्देश देते हुये कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम इस अभियान में न छूटे इसके लिए जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता भी आवेदकों की मदद करें.

## एक नजर में



### युकां ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

**सागर.** जिला युवा कांग्रेस ने खुरई विधानसभा के बांदरी में जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप चौधरी एवं युवा कांग्रेस खुरई विधानसभा के अध्यक्ष अमन लोधी की अगुवाई में बिगड़ती कानून व्यवस्था व बढ़ते अपराधों के खिलाफ पुलिस महानिदेशक के नाम 06 सूत्रीय ज्ञापन सौंपाकर जिले में पनप रही अवैध शराब,जुआ,सट्टा,नशीलें पदार्थों के कारोबार सहित पुलिस थानों की दोष पूर्ण कार्य प्रणाली की जांच एसआईटी का गठन कर निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करने तथा थाना नरयावली क्षेत्र अन्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग की युवतियों के साथ मारपीट व अपमानित करनें की घटना की निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही व पीड़ितों को न्याय दिलानें की पुरजोर मांग उठाई. इस दौरान निशांत रिछारिया, रोहित वर्मा, राजू अहिरवार, गब्बर सिंह लोधी, प्राण सिंह लोधी, इंजी .सत्यम सिंह, ठाकुर दास अहिरवार,केसरी सिंह, राजवीर सिंह आदि मौजूद थे.



### रजौआ के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**सागर.** 69 भी राज्य स्तरीय कूडो प्रतियोगिता आर्मी पब्लिक स्कूल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजौआ के छात्र मयंक चौधरी ने अंडर 19-52 किलोग्राम कैटेगरी में प्रथम स्थान एवं छात्रा प्रीति अहिरवार ने अंडर 17-44 किलोग्राम वर्ग कैटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त किया. प्राचार्य जेपी सोनी ने कहा कि यह सब पीटीआई नमन मिश्रा की मेहनत का परिणाम है.




### कॉलेज के छात्र बनेंगे लाइफ सेवियर

**सागर.** आईएमए, स्टेट फोगसी और आईएसए ने डिग्री कॉलेज में आयोजित सीपीआर प्रशिक्षण शिविर ने छात्रों को आपातकालीन जीवन रक्षा की व्यावहारिक तकनीक से सशक्त बनाया. मुख्य प्रशिक्षक डॉ. अजय सिंह ने बताया कि दिल का दौरा या सांस रुकने की स्थिति में सीपीआर कैसे मस्तिष्क तक ऑक्सीजन पहुंचाकर अस्पताल पहुंचने तक कीमती समय बचाता है. आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि सही समय पर किया गया सीपीआर जीवन बचाने की संभावना को 70 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है. जेडी हेल्थ डॉ नीना गिडियन ने जोर देकर कहा कि स्कूल स्तर पर ऐसी ट्रेनिंग न केवल बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाती है, बल्कि समाज में त्वरित आपात सहायता की संस्कृति को मजबूत करती है.



### लैपटॉप चोरी का किया खुलासा,आरोपी गिरफ्तार

**रहली.** थाना पुलिस ने लैपटॉप चोरी के मामले में सिर्फ आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है. फरियादी रूद्राक्ष पटैल निवासी कटरा बेलखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बस स्टैंड पर उसका बैग चोरी हो गया, जिसमें एचपी सिल्वर लैपटॉप, चार्जर और 8,000 रुपए थे. पुलिस ने मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की. मुखबिर की सूचना पर आरोपी गुड्डू कुर्मी निवासी समनापुर को चांदपुर तिराहा से गिरफ्तार किया गया, आरोपी से चोरी गया लैपटॉप और चार्जर बरामद हुए, जबकि नकदी खर्च कर देने की बात उसने बताई. पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर किया न्यायालय से जेल भेजा गया है.

# बुंदेली धरती का हिंडोला आज से

**नवभारत न्यूज**

**सागर 12 दिसंबर. वरिष्ठ रंगकर्मी एवं सिने अभिनेता गोविंद नामदेव के लेखन निर्देशन में बुंदेली धरती का हिंडोला नाटक का मंचन 13 और 14 दिसंबर को स्थानीय रविंद्र भवन में किया जा रहा है.**

रंग थियेटर फोरम सागर और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय तथा संस्कृति संचालनालय के सहयोग से आयोजित नाटक का दो दिवसीय मंचन 35 दिवसीय कार्यशाला के समापन पर किया जा रहा है. नाटक के प्रथम दिन एक शो और दूसरे दिन दो शो हैं. श्री नामदेव ने बताया कि उनके द्वारा लिखित नाटक के मंचन की शुरुवात सागर से ही की जा रही है. जिसका प्रदेश के अन्य शहरों में भी मंचन किया जायेगा. बुंदेली धरती का हिंडोला नाटक में महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा को रोकने के प्रयास किए गए हैं. श्री नामदेव के अनुसार बुंदेलखंड में घरेलू हिंसा जैनेटिक मेमोरी की बीमारी की समस्या बन गई है. जिसके पीछे अशिक्षा हो सकती है मगर बुंदेली पृष्ठ भूमि में आदत मानी जायेगी. इस नाटक को लिखने में छह माह समय श्री नामदेव को लगा है.

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सागर 12 दिसंबर. नगर संभाग सागर में अधीक्षण अभियंता श्रीमती चंद्ररेखा प्रभाकर द्वारा अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में पावर बीई रिपोर्ट, कैश डिमांड एवं पे काउंट के लक्ष्य, 5000 रुपये से अधिक बकायाधारक एवं 5 केवाय से अधिक भार वाले उपभोक्ताओं की ई केवाईसी विजिलेंस बकायेदारों की कार्रवाई, शत-प्रतिशत स्मार्ट मीटर स्थापना एवं चेकिंग, कम खपत उपभोक्ताओं की जांच तथा समाधान योजना में बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की समीक्षा की गई.




बैठक में 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत में अधिकतम प्रकरणों के निपटारे संबंधी मुद्दों पर निर्देश दिए गए. अधीक्षण अभियंता ने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में शत-प्रतिशत प्राप्त करने के निर्देश दिए. बैठक के साथ ही नगर संभाग सागर में कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यपालन अभियंता इमरान खान द्वारा शुरू की गई नई पहल के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रतिमाह सम्मानित करने एवं उनका नाम बोर्ड पर दर्ज करने की योजना भी लागू की गई. बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच कर्मचारियों शैलेश साहू, विनोद तिवारी, आकाश साहू, राहुल बड़ोनिया एवं जितेंद्र कतिया कर्मचारियों को सम्मानित किया गया.



### तनिष की दूसरी किताब

**सागर.** 14 वर्षीय तनिष नंदनवार ने दूसरी किताब लिख चुका है. तनिष नंदनवार केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में कक्षा नौवीं का छात्र है उसे बचपन से एडवेंचर और सुपर हीरो से जुड़ी कहानियां पढ़ने का शौक रहा है तनिष की नई एडवेंचर बुक को उत्तराखंड की एक पब्लिकेशन ने प्रकाशित किया है. पुस्तक की एक प्रति चंदना मंडल, अपर आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली को प्रदान की गई. अपर आयुक्त द्वारा तनिष को प्रोत्साहित किया गया तथा उसके इस कार्य के लिए सराहना की गई.

# विभिन्न वार्डों का विधायक ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सागर 12 दिसंबर. विधायक शैलेंद्र जैन ने विट्ठलनगर, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, सुभाष नगर, तुलसी नगर, नरयावली नाका तथा गांधी चौक क्षेत्रों में चल रहे मतदाता सूची विशेष केंद्र पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया.**



उन्होंने निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के निवास पर आयोजित शिविर में पहुंचकर मतदाताओं के दस्तावेज सत्यापन कार्य की प्रगति जानी तथा नागरिकों को इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया. विधायक श्री जैन ने नरयावली नाका वार्ड में भी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया. आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित शिविर में उन्होंने मतदाताओं के नाम सत्यापन एवं सुधार कार्य की स्थिति जानी तथा अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी, अमित बैसाखिया, सोमेश जड़िया, विष्णु खटीक, रामेश्वर नेमा, अंशुल हर्षे, पंकज भट्ट, कन्हई पटेल, विनय मिश्रा, संध्या इटोरिया, बृजेश त्रिवेदी, राधेश्याम अहिरवार मौजूद थे.

### शपथ ग्रहण समारोह

**बंडा.** न्यायालय के अधिवक्ता संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ. मुख्य अतिथि विधायक वीरेन्द्र सिंह लंबरदार, अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश आर एल शाक्य एवं आशीष परसाई व्यवहार न्यायाधीश माथौरिया स्टेट बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य राजेश पांडे, सागर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत ने नवनियुक्त पदाधिकारियों अध्यक्ष भरत अगिनहोत्री, उपाध्यक्ष संजय चतुर्वेदी , सचिव भूपेंद्र राजपूत, कोषाध्यक्ष नीरज मिश्रा सह सचिव अफजल वेग, पुस्तकालय अध्यक्ष राममूर्ति पाठक और सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई.

# वाहन की टक्कर से जवान घायल

**नवभारत न्यूज**

**सागर 12 दिसंबर. केंट थाना क्षेत्र स्थित सदर बाजार में महार रेजिमेंट में पदस्थ दो आर्मी जवानों को एक बेकाबू स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए.**

हादसे के बाद चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार नायब सूबेदार अम्मीलाल और नायक मंतोष कुमार सदर बाजार से गुजर रहे थे. जैसे ही वे संकट मोचन मंदिर के पास पहुँचे, तभी ब्लैक कलर की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 09 सीई 8521 अनियंत्रित होकर उन पर चढ़ गई, वाहन ने दोनों सैनिकों को करीब 50 मीटर तक सड़क पर घसीट दिया. लोगों के शोर मचाते ही चालक मौके से गाड़ी मोड़कर फरार हो गया. सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुँची और दोनों घायलों को तुरंत निजी अस्पताल पहुँचाया. डॉक्टरों के मुताबिक दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है और फिलहाल उनका इलाज जारी है. पुलिस ने घटना स्थल से सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, स्कॉर्पियो के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन मालिक और चालक की पहचान की जा रही है.

# सच्चे गुरु का कार्य शिष्य को सही रास्ता दिखाना है

**नवभारत न्यूज**

**बंडा 12 दिसंबर. कृषि उपज मंडी परिसर में चल रही श्रीराम कथा में कथाचार्य पंडित राम गोपाल दास छोटे मुरारी बापू ने कहा कि शरीर में जब तक प्राण होते हैं तब तक ही उसकी शोभा होती है, एक सच्चे गुरु का कार्य अपने शिष्य को सही रास्ता दिखाना होता है.**



उन्होने कहा कि जब महाराजा जनक द्वारा सीता स्वयंवर का आयोजन किया जाता है तब पृथ्वी के सभी वीर योद्धा आते हैं, परंतु कोई भी उसे धनुष को हिला भी नहीं पाते है, इससे राजा जनक की चिंता बढ़ जाती है और वें सबको भला बुरा कहते हैं. श्री राम जानकी का विवाह धूमधाम से होता है. इस अवसर पर श्री राम की बारात नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर से होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई. महाराजा जनक बनने का सौभाग्य श्रीमती इंदिरा सराफ संतोष सराफ को प्राप्त हुआ. छोटे मुरारी बापू ने कहा कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं होता है. जीवन में सभी को कन्यादान करना चाहिए. कथा में मुख्य यजमान श्आयुषी-आशीष सराफ, संतोष सराफ, इंद्रा सराफ, श्रीकांत सराफ, कार्तिक सराफ, हर्ष मिश्रा, शंभू शरण तिवारी, हरिओम मिश्रा, शिवकुमार बिनैका शामिल हुए.

### श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 15 से होगा

**सागर.** खेल परिसर के समीप मैदान में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 15 से 21 दिसंबर तक दोपहर में 2 बजे से 5 बजे तक किया जा रहा है. आयोजन समिति विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट की ओर से शिवशंकर मिश्रा, डॉ अनिल तिवारी,अजय श्रीवास्तव, तरुण बड़ोन्या और ट्रस्ट के सचिव मयंक वैद्य ने बताया कि कथा के मुख्य यजमान डॉ अनिल तिवारी श्रीमती प्रतिभा तिवारी हैं. कथा में संत चिन्मयानंद बापू भगवान श्रीकृष्ण की कथा सुनायेंगे. बापू के श्रीमुख से यह 598 वी कथा है. कथा के पूर्व 14 दिसंबर को दोपहर में 1 बजे मोतीनगर चौराहा से शोभायात्रा शुरु होगी जो बड़ा बाजार, गौर मूर्ति तीन बत्ती गौर टॉवर परकोटा से कथा स्थल पर पहुंचेगी. कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, सह यजमान भी बनाए गए हैं.

# ग्रामीण क्षेत्रों की स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के डेली अपडाउन से शैक्षणिक कार्य प्रभावित

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 12 दिसंबर. जिले की सीमाएं करीबन 60 से 70 किमी के दायरे में फैली हुयी है. लिहाजा दूरस्त क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में अध्यापन कार्य कराने के लिए तैनात किये गये शिक्षक-शिक्षिकाएं गांवों में रहकर पठन-पाठन का कार्य तो कराती नहीं होंगी.**

मुख्यालय में निवासरत कई शिक्षक और शिक्षिकाएं प्रतिदिन निजी या मासिक भाड़े पर चलने वाले वाहनों से आवागमन करतीं हैं, दूरस्त ग्रामीण अंचलों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं को लाने-ले जाने के लिए बिना ट्रांसपोर्ट पंजीयन के दर्जनों वाहन फर्राटे भर रहे हैं.

हालांकि ऐसा भी नहीं है कि इसकी जानकारी सम्बन्धित परिवहन विभाग को न हो, लेकिन कार्यवाही न होने के चलते कई लोग बिना ट्रांस्पोर्ट परमिट के ही निजी वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, जो कि नियमानुसार भी गलत है और किसी अनहोनी के घटित होने पर कार्यवाहियों में भी खामियां रह जाती हैं. गौरतलब है कि जिले की सीमाएं विकास खण्ड मड़ावरा के दूरस्त लखन्जर-पापरा, महरौनी से सड़कौरा वार्डर और बानपुर के अलावा तालबेहट में झररघाट तक फैली हुयीं हैं. सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रतिदिन आवागमन के लिए निजी वाहन या फिर प्राईवेट वाहन को मासिक भाड़े पर किये हुये हैं, मासिक भाड़े में लगे वाहन ट्रांस्पोर्ट के तहत पंजीयन होना अनिवार्य है, जिनकी नम्बर प्लेट पीले रंग की होनी चाहिए. लेकिन ऐसा नहीं है, कुछ लोग अपने निजी वाहन मारूति ओमनी, ईको इत्यादि वाहन को इस कार्य में उपयोग कर रहे हैं. इतना ही नहीं सूत्र बताते हैं कि एक कार में आधा दर्जन से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके विद्यालय तक पहुंचाने और विद्यालय से मुख्यालय तक लाने के नाम पर प्रति माह 4 से 6 हजार रुपये वसूल किये जा रहे हैं, ऐसे में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा ऐसे वाहनों की नियमित जांच न होने के कारण नियमों की अनदेखी हो रही है.

**सफल ऑपरेशन** — चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता मिली बीएमसी को

# नेत्र प्रत्यारोपण से दो मरीजों को खोई हुई रोशनी वापिस मिली

**नवभारत न्यूज**

**सागर 12 दिसंबर. बीएमसी में सफल नेत्र प्रत्यारोपण और कोर्निया दान ने दो मरीजों को खोई हुई रोशनी लौटा दी है.**



डीन डॉ. पीएस ठाकुर ने कहा है कि कोर्निया प्रत्यारोपण और नेत्र दान दृष्टिहीन लोगों के लिए जीवन रोशन करने वाला कार्य है, दान किए गए स्वस्थ कोर्निया द्वारा क्षतिग्रस्त पुतली को बदला जाता है, जिससे धुंधलापन, दर्द और नजर की समस्या दूर होती है, यह पूरी तरह निशुल्क और निस्वार्थ सामाजिक सेवा है. सागर शहर में ऐसे ही दो मामलों में चिकित्सकों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. एक माह की बच्ची, जिसे 15 दिन पहले आंखों में गंभीर संक्रमण के कारण बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के आई वार्ड में भर्ती किया गया था, दोनों आंखों की पुतलियां खराब हो चुकी थीं और वह दर्द से बेहाल थी. आई बैंक से प्राप्त दान किए गए स्वस्थ कोर्निया से नेत्र चिकित्सकों ने पुतली प्रत्यारोपण सर्जरी की. यह जटिल सर्जरी एनेस्थीसिया टीम की प्रमुख डॉ. शशि बाला की भूमिका के साथ संपन्न हुई. सर्जरी के बाद बच्ची की एक आंख से रोशनी लौट आई है, और वर्तमान में वह स्वस्थ है. दूसरी लाभार्थी 35 वर्षीय महिला है, जिसकी एक आंख में लकड़ी लगने से गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थी.

बीएमसी मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि बीएमसी में नेत्र प्रत्यारोपण की सुविधा पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध है. आवश्यक जांचों के बाद मरीज का पंजीकरण किया जाता है और जैसे ही दान से कोर्निया उपलब्ध होता है, मरीज को प्रत्यारोपण हेतु बुलाया जाता है. सर्जरी टीम में डॉ. प्रवीण खरे, डॉ. सारिका चौहान, डॉ. रोशी जैन, डॉ. अंजलि विरानी पटेल, डॉ. इतिशा, डॉ. मोदी, डॉ. गरवेश, डॉ. शिवानी और एनेस्थीसिया टीम से डॉ. शशि बाला, डॉ. मनीषा, डॉ. अजमल खान सहित नर्सिंग अधिकारी मौजूद थे.

### बीएमसी में न्यूरो सर्जन के तीन पद स्वीकृत हुए

**सागर.** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए बीएमसी के न्यूरोसर्जरी विभाग में पदस्थापनाएँ की गई हैं. अब बीएमसी में सुपर स्पेशलिटी की भी शुरुआत हो गई है जिससे न केवल सागर बल्कि संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा. मीडिया प्रभारी डॉ सौरभ जैन ने बताया कि जारी आदेश के अनुसार न्यूरोसर्जरी विभाग में तीन पदों पर पदस्थापनाएँ की गई हैं, जिनमें प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक स्तर के पद शामिल हैं.